# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 25.08.2024** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है।**
- **मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने शिक्षकों का आह्‌वान किया है कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की ओर अधिक ध्यान केन्द्रित करें।**
- **दक्षिण अण्डमान के बृंदावन पंचायत और नमूनाघर पंचायत में कई स्थानों पर सड़के खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। प्रशासन इस क्षेत्र सहित करीब बत्तीस किलोमीटर रोड़ पर वाईट टॉपिंग कराने की योजना बना रहा है।**
- **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगा।**
- **प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से बकुलतला पंचायत में राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन किया गया।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है, जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने तेईस तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–तीन की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेस इको–सिस्टम बहुत जीवंत हो रहा है। श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत भी की। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर–राजनीतिक पृष्ठ भूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्‌वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में ऐसे बहुत से लोगों ने स्वयं को देश की आजादी के लिए झोंक दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए आज भी उसी जज्बे की ज़रूरत है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने शिक्षकों का आह्‌वान किया है कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की ओर अधिक ध्यान केन्द्रित करे और यह भी देखे कि वे अपनी–अपनी कक्षाओं में पढ़ाई में कितना ध्यान दे रहे है और इस दिशा में उनकी क्या प्रगति हुई है। वे कल पोर्ट ब्लेयर में द्वीपसमूह में दसवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अण्डमान क्रिश्चियन यूनाइटेड फ्रंट की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की समस्याओं को जानने और उनके समक्ष आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए उनके साथ अधिक समय बिताएं। युनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष बिशप डॉ. राजा विलसन ने इस कार्यक्रम के उद्‌देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा और रेवरेंट देवानन्द ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के बृंदावन पंचायत और नमूनाघर पंचायत में कई स्थानों पर सड़के खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। इन पंचायतों में काफी लम्बी दूरी तक सड़कों में इतने बड़े–बड़े गड्‌ढे ऊभर आए है, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। रात के समय इस मार्ग पर चार पहिया वाहन के अलावा दुपहिया वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। इन पंचायतों के अलावा राइट–म्यों जैसे क्षेत्र में भी सड़के वाहन उपयोगी नहीं है और इससे आम जनता को काफी असुविधा हुई है।

इस बीच अण्डमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता इंजीनियर प्रीजीत रेख ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि प्रशासन और उनका विभाग सड़कों को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। बत्तीस किलोमीटर रोड़ पर वाइट टॉपिंग किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। ओग्राब्रांच से लेकर शैतान खाड़ी तक की सड़के भी इसमें शामिल है। फिलहाल इस क्षेत्र में गड्‌ढो को भरने के लिए सोमवार या मंगलवार को निविदाएं आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि सड़कें इस्तेमाल उपयोगी हो सके। राइट–म्यों, मनारघाट क्षेत्र में भी सडकों को ठीक करने का काम प्रगति पर है और बारिश के बाद इस क्षेत्र में भी सडके ठीक कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के विभिन्न मन्दिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सप्लाई लाईन के बैकुंठ धाम पुलिस मन्दिर में कल शाम से लेकर मध्य रात्रि तक पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे और प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आर.जी.टी. रोड़ स्थित राधा–गोविन्द मन्दिर में पूजा–अर्चना के अलावा कल शाम छह बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। राधा–गोविन्द मन्दिर नेताजी नगर, जोड़ाकलान में कल शाम पांच बजे से भगवत कथा पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कीर्तन के साथ महाभोग प्रसाद का वितरण होगा। पोर्ट–मोट के राम मन्दिर में कल सुबह छह बजे पूजा की शुरूआत होगी और रात्रि दस बजे हवन होगा। इस बीच चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में कल रात्रि नौ बजे से मध्य रात्रि तक पूजा–अर्चना के कार्यक्रमों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से बकुलतला पंचायत में राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन किया गया। रंगत के सहायक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस राजस्व शिविर में स्थानीय लोगों ने कई महत्वपूर्ण विषयों को उठाते हुए, इसका समाधान करने का अनुरोध किया। सहायक आयुक्त और उनकी टीम ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने कल अपना चवालीसवां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व संकाय सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने महान कवि और दर्शनिक रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की, जो टैगोर द्वारा अपनाएं गए मूल्यों और आदर्शों के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कॉलेज के सभागार में विद्यार्थियों और कर्मचारियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। कॉलेज की अब तक की यात्रा पर विशेष वित्तचित्र भी दिखाई गई।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से दक्षिण अण्डमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए जंगलीघाट स्कूल हॉल में चार दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। कल आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जंगलीघाट स्कूल की उप–प्रधानाचार्य अज़ीज़ फातिमा मुख्य अतिथि थीं, जबकि स्कूल की प्रधानाध्यापिका दीपाली वैष्णव सम्माननीय अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विजेताओं को बधाई दी और उप–विजेओं को अपनी गलती पहचान कर उसे सुधारने को कहा। शतरंज टुर्नामेंट के चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़को के मुकाबले में सागरितारा स्कूल के रॉनी रोनॉल्डों वाई. ने बाज़ी मारी, जबकि लड़कियों के चौदह वर्ष से कम आयुवर्ग में विवेकानन्द केन्द्रीय विद्यालय, लम्बालाईन की काव्या राज ने जीत दर्ज की। लड़कों के सोलह वर्ष से कम आयुवर्ग में विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय लम्बा लाईन के दिनेश कुमार एस. एम., जबकि लड़कियों के वर्ग में केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–एक की सिरिशा एस. ने बाज़ी मारी। मुख्य अतिथि और सम्माननीय अतिथि ने विजेताओं और उप–विजेताओं में पुरस्कारो का वितरण किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में आज हल्की वर्षा हुई। ननकाड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक दस मिलीमीटर, लौंग आईलैण्ड में आठ दशमलव छह, वायु सेना केन्द्र कार –निकोबार में चार दशमलव दो, मायाबंदर में तीन और पोर्ट ब्लेयर में शून्य दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>